प्रकाश जावडेकर
Prakash Javadekar

सत्यमेव जयते

मंत्री
मानव संसाधन विकास
भारत सरकार
MINISTER
HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा अपना सातवां राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हमेशा से देश की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षानीति एवं गुणपरक शिक्षा हेतु शिक्षकों को संगठित करने के लिए कार्यरत रहा है।

इस अवसर पर आपके द्वारा मातृशक्ति को समर्पित **"प्रणम्या मातृदेवता:"** स्मारिका का प्रकाशन अत्यंत ही सराहनीय है। 'यस्य पूज्यन्ते नार्यस्तु, रमन्ते तत्र देवता:' का भाव इस देश की संस्कृति में समाहित है। जैसा कि हमारे संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर ने भी कहा था कि "मैं समाज की उन्नति को उस समाज की स्त्रियों की प्रगति की दशा से मापता हूँ।"

भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने हेतु हमें देश की महिलाओं को समान अवसर प्रदान करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना होगा। जैसा कि महात्मा गांधी जी ने कहा था कि यदि एक स्त्री शिक्षित होगी तो पूरा परिवार शिक्षित होगा। हमें यह प्रयास करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षा समाज के प्रत्येक वर्ग तक सुगमता से पहुंचे।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के इस राष्ट्रीय अधिवेशन के अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

जय हिन्द।

(प्रकाश जावडेकर)

Room No. 3, 'C' Wing, 3rd Floor, Shastri Bhavan, New Delhi-110 115
Phone : 91-11-23782387, 23782698, Fax : 91-11-23382365,
E-mail : minister.hrd@gov.in